the course of continuing investigations.

(c) and (d) The Cardio-Thoracic Centre of the AIIMS is already broad-based and the inpatient bed strength is expected to be further increased in the near future as soon as the Cardio.Thoracic Centre's hospital buildings are completed.

सरकारी कार्यालयों, अस्पतालों और सार्वजनिक अस्पतालों में धूम्रपान पर प्रतिबन्ध

1888. **श्री रामसिंहभाई पातलोवा-भाई राठवा :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार धूम्रपान के संबंध में महाराष्ट्र सरकार द्वारा विचार की जा रही इस प्रकार की एक योजना के अनुसार सरकारी कार्यालयों/अस्पतालों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों में धूम्रपान पर प्रतिबन्ध लगाने का विचार कर रही है ;

(ख) क्या केन्द्रीय सरकार को देश के विभिन्न राज्यों, नशाबन्दी संस्थाओं तथा अन्य संस्थाओं से ऐसे अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं ;

(ग) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ;

(घ) क्या केन्द्रीय सरकार ने इस बारे में अमरीका के अधिवक्ताओं के संगठन तथा स्वास्थ्य विभाग के सम्बद्ध कानूनों की संवीक्षा की है ;

(ङ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है, यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(च) गत दो वर्षों के दौरान धूम्रपान के कारण होने वाले बहुत अधिक हानिकारक प्रदूषण को दूर करने तथा धूम्रपान पर प्रतिबन्ध लगाने के लिए क्या क्या कदम उठाए गये हैं ?

मानव संसाधन विकास मंत्री तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री पी० वी० नरसिंह राव) : (क) से (च) देश में तम्बाकू के प्रयोग के विरुद्ध एक व्यापक कार्य योजना कार्यान्वित किए जाने हेतु तैयार की गई है जिसमें स्वैच्छिक और सांविधिक दोनों प्रकार के उपाय शामिल हैं । सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों तथा भारत सरकार के मंत्रालयों और विभागों से अनुरोध किया गया है कि वे विभिन्न स्थानों, जैसे रेलवे स्टेशनों, हवाई अड्डों, सरकारी कार्यालयों शिक्षा संस्थानों, सरकारी सम्मेलनों, विचार गोष्ठियों, बैठकों आदि में धूम्रपान निषेध के उपायों को लागू करें । यह सुझाव दिया गया है कि सम्मेलन कक्ष में प्रवेश द्वार पर "धूम्रपान न करें--धन्यवाद" जैसे बोर्ड का प्रदर्शन किया जाए । इस सुझाव को राज्य सरकारों सहित सभी ने उत्साहजनक प्रतिक्रिया दिखाई है । अधिकतर राज्य सरकारों ने सार्वजनिक स्थानों, सरकारी कार्यालयों, शिक्षा संस्थानों आदि में धूम्रपान निषेध को बढ़ावा देने के लिए कार्यवाही की है/कर रहे हैं । अन्य प्रस्तावित उपायों में ये शामिल हैं-- (i) सांविधिक चेतावनी को उपभोक्ताओं के मत में और प्रभावी ढंग से बिठाना, वर्तमान चेतावनी के अतिरिक्त अन्य प्रभावी नारों का उपयोग करना तथा "क्रास्ड हड्डियां और एक खोपड़ी", के खतरे के सर्वविदित संकेत का प्रदर्शन करना (ii) दो भाषाओं, नामतः अंग्रेजी और हिन्दी अथवा क्षेत्रीय भाषा में सांविधिक चेतावनी छापना ।

दूरदर्शन, रेडियो स्पाट्स और जन प्रचार के माध्यम से धूम्रपान के खतरे बताने संबंधी स्वास्थ्य शिक्षा उपाय तेज कर दिए गए हैं ।

इस मंत्रालय को वकीलों के संगठन के संगत कानूनों तथा स्वास्थ्य विभाग संयुक्त राज्य अमरीका के संगत कानूनों के संबंध में कोई जानकारी नहीं है ।

Navodaya Vidyalayas in Guparat

1889. SHRI RAMSINGH BHAI PATAU YABHAI RATHVAKOLI: Will the Minister of HUMAN RESOURCB DEVELOPMENT be pleased to refer